NNI
हर खबर पर पक्की नजर
पत्रकारिता
हमारा धर्म
निष्पक्षता
हमारी पहचान

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का छठवां वर्ष
www.nnindianews.com

वर्ष: 05, अंक-234, पृष्ठ: 12 बुधवार, 28 अक्टूबर, 2026, मूल्य-03 रूपये मात्र

सोमालिया में बड़ा आतंकी हमला

अल-शबाब समूह के हमले में 20 सैनिकों की मौत

मोगादिशु। सोमालिया में एक बड़ा आतंकी हमला हुआ है। इस्लामी चरमपंथी लड़ाकों ने घात लगाकर किए गए हमले में सोमालिया के कम से कम 20 सैनिकों को मार डाला। हमले में बचे एक सैन्य अधिकारी ने यह जानकारी दी। वहीं, सरकार ने सैन्य वाहनों को नुकसान पहुंचने की बात तो मानी, लेकिन आधिकारिक तौर पर सैनिकों के हताहत होने के बारे में कुछ नहीं बताया। अल-कायदा से जुड़े अल-शबाब समूह ने, जो लगभग दो दशकों से सोमालिया की सरकार के खिलाफ लड़ रहा है, दक्षिणी सोमालिया के जामीका गांव के पास सोमवार को हुए इस हमले की जिम्मेदारी ली है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि घंटों चली लड़ाई के दौरान उनके सैनिकों ने लगभग 75 चरमपंथियों को मार गिराया और 56 को घायल कर दिया। वहीं, अल-शबाब ने दावा किया कि उसने 321 सैनिकों को मार डाला है और कुछ सैनिकों को बंदी बनाने के साथ-साथ सैन्य उपकरण भी जब्त किए हैं। हताहतों की संख्या और सैनिकों को बंदी बनाने या उपकरण जब्त करने के दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। सैन्य काफिले के साथ मौजूद एक अधिकारी, अब्शीर अब्दीकरीम ने मंगलवार देर रात फोन पर 'द एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि हमले के बाद उन्होंने अपने कम से कम 20 साथियों के शव देखे। उन्होंने बताया कि सैनिक लीगो से



आगे बढ़कर बे क्षेत्र के बुरहाकाबा जिले में जामीका पहुंचे थे, जहां चरमपंथियों के साथ उनकी भारी गोलीबारी हुई। उन्होंने बताया कि पहले लापता बताए गए कुछ सैनिक मंगलवार को बालेडोगले पहुंच गए, जबकि बाकी सैनिकों का अभी तक कोई पता नहीं चला है। हालांकि, मंत्रालय ने इस झड़प को चरमपंथियों के ठिकानों पर किया गया हमला बताया। अल-शबाब का कहना है कि उसके लड़ाकों ने उस इलाके में घुस रहे काफिले पर घात लगाकर हमला किया, जो उनके नियंत्रण में है। मंत्रालय ने बताया कि चरमपंथियों ने सेना के वाहनों पर हमला करने के लिए विस्फोटकों से लदे वाहनों का इस्तेमाल किया, जिससे सेना के कुछ वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि, मंत्रालय ने यह नहीं बताया कि कितने वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं, और न ही सैनिकों को बंदी बनाए जाने के दावों पर कोई टिप्पणी की। अल-शबाब ने दावा किया कि उसने तुर्किये द्वारा मुहैया कराए गए बख्तरबंद वाहन, हथियारों से लैस पिकअप ट्रक, आपूर्ति ट्रक, हथियार और गोला-बारूद जब्त किए हैं।

मांगे छोले, मिली मौत: युवक को चाकुओं से गोदा

नई दिल्ली। निहाल विहार इलाके में छोले ज्यादा मांगने को लेकर हुई कहासुनी ने खूनी रूप ले लिया। आरोप है कि दुकानदार और उसके चार-पांच साथियों ने 34 वर्षीय संदीप पर चाकुओं से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल संदीप को इलाज के लिए महाराजा अग्रसेन अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने मामले में हत्या की धारा बढ़ाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, वारदात निहाल विहार इलाके में हुई। बताया जा रहा है कि संदीप दुकान पर छोले लेने गया था। ज्यादा छोले मांगने को लेकर उसकी दुकानदार से कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसी दौरान दुकानदार और उसके साथ मौजूद चार-पांच लोगों ने संदीप के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान उस पर चाकू से हमला किया गया। हमले में संदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बावजूद उसकी जान नहीं बच सकी। मौत के बाद पुलिस ने मामले में हत्या की धारा बढ़ाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, संदीप के परिजन पुलिस की कार्रवाई से नाराज हैं। बुधवार को संदीप के शव के पोस्टमार्टम के लिए परिजन संजय गांधी अस्पताल पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि वारदात में कई लोग शामिल थे, लेकिन पुलिस ने अभी केवल एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उन्होंने



अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए पुलिस पर उन्हें बचाने का आरोप लगाया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच की जा रही है।

क्या कारगर साबित हुई अखिलेश की रणनीति

एमएलसी चुनाव से बढ़ी सपा की ताकत, दो सीटों पर जीत, तीन पर आगे



लखनऊ। विधान परिषद चुनाव में सपा ने अपनी ताकत बढ़ा ली है। वाराणसी शिक्षक क्षेत्र से सपा प्रत्याशी लाल बिहारी यादव और आगरा शिक्षक क्षेत्र से सपा प्रत्याशी डॉ. आकाश अग्रवाल ने जीत हासिल की। जबकि, इलाहबाद-झांसी स्नातक सीट से उसके प्रत्याशी डॉ. मान सिंह यादव, वाराणसी स्नातक सीट से आशुतोष सिन्हा और लखनऊ स्नातक सीट से उसकी प्रत्याशी कांति सिंह उल्लेखनीय रूप से आगे चल रही हैं। सपा अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव की रणनीति इस चुनाव में कारगर साबित हुई। वर्ष 2020 में हुए विधान परिषद चुनाव में सपा को इन 11 सीटों में तीन सीटें मिली थीं। इस चुनाव में सपा न सिर्फ अपनी पुरानी तीनों सीटें बचाने में सफल होती दिख रही है, बल्कि दो और सीटें भी उसकी झोली में आना लगभग तय माना जा रहा है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पूरे समय मतगणना पर निगरानी रखी। आगरा में सपा प्रत्याशी आकाश अग्रवाल के साथ हुई मारपीट का वीडियो मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात दो बजे एक्स पर साझा करते हुए उन्होंने चुनाव आयोग से हस्तक्षेप की मांग की। विधान परिषद चुनाव में सपा की दो सीटें जीतना और 5 पर बढ़त से सपा के कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एमएलसी चुनाव में डॉ. संजयन त्रिपाठी को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर उन्होंने मतगणना में गड़बड़ी और साजिश के जरिए सपा प्रत्याशी को हराने का आरोप लगाया। कहा कि इस मामले में भाजपा के नेताओं, उनके सहयोगियों और कथित तौर पर संलिप्त अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं।

